Need to expedite completion of Talcher Fertilizer Limited in Odisha

श्री रुद्र नारायण पाणी (धेन्कानल) : धन्यवाद सभापति महोदय । ओडिशा के तालचेर में एक फर्टिलाइजर प्लांट वर्ष 1970 के दशक में शुरू किया गया था । बाद में, गलत परिचालन के कारण वह वर्ष 1990 के दशक में बंद हो गया था । Now, there is a joint venture with regard to Talcher Fertilizers Limited. उसके काम में कैसे प्रगति हो और वह प्रोजेक्ट कैसे जल्दी समाप्त हो, उसके लिए मेरा निवेदन है । 22 सितम्बर, 2018 में प्रधानमंत्री जी ने वहां पर जाकर उसका शिलान्यास किया था । उस समय उस पर जितनी लागत तय की गयी थी, अब वह अपने-आप बढ़ती जा रही है । इसलिए, तालचेज फर्टिलाइजर लिमिटेड (टीएफएल) का काम जल्द से जल्द पूरा किया जाए । उससे पूरे राज्य को, धेन्कानल लोक सभा क्षेत्र को और संबलपुर लोक सभा क्षेत्र को विशेष रूप से लाभ मिलेगा । धन्यवाद